# कार्यालय परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़(छ0ग0)

(महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी प्रकोष्ट)

ई–मेल sarangarhbilaigarhdrda@gmail.com

क्र0/2328/जि.परि.निदे./मनरेगा/भर्ती/2024–25 सारंगढ़, दिनांक 05/12/2024

//प्रेस विज्ञप्ति //

छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद विभागाध्यक्ष कार्यालय विकास भवन, तृतीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर का पत्र क्रमांक 2514/वि–7/स्था./MGNREGA/2024 रायपुर, दिनांक 08.10.2024 पर दिए गए निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जिला स्तर में सहायक परियोजना अधिकारी, समन्वयक (तकनीकी), कम्प्यूटर प्रोग्रामर, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, लेखापाल, सहायक ग्रेड–03 एवं भृत्य के संविदा रिक्त पद पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक23/12/2024 सायं 5:30 बजे तक कार्यालय, परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.) के नाम से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

सहायक परियोजना अधिकारी, समन्वयक (तकनीकी), कम्प्यूटर प्रोग्रामर, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, लेखापाल, सहायक ग्रेड–03 एवं भृत्य के संविदा रिक्त पद पर चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन, पदों की संख्या, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र आवेदन पत्र का प्रारूप जिला कार्यालय परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ के सूचना पटल तथा जिले के वेबसाईट https://sarangarh-bilaigarh.cg.gov.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

कलेक्टर
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़

पृ. क्र0/2329/जि.परि.निदे./मनरेगा/भर्ती/2024–25 सारंगढ़, दिनांक 05/12/2024

प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय रायपुर, जिला रायपुर(छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. विकास आयुक्त, छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय रायपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. आयुक्त, म.गां.रा.ग्रा.रो.गा. प्रकोष्ठ, विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
5. परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ को सूचनार्थ।
6. जिला ई.डी.एम., जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.) को प्रकाशित करने हेतु सूचनार्थ।
7. जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.) की ओर दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञान प्रकाशनार्थ प्रेषित।

कलेक्टर
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़

CS CamScanner

# कार्यालय परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़(छ0ग0)

(महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी प्रकोष्ट)

ई–मेल sarangarhbilaigarhdrda@gmail.com

क्र0/ 2330/जि.परि.निदे./मनरेगा/भर्ती/2024–25 सारंगढ़, दिनांक 05/12/2024

## //विज्ञापन //

छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद विभागाध्यक्ष कार्यालय विकास भवन, तृतीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर का पत्र क्रमांक 2514/वि–7/स्था./MGNREGA/2024 रायपुर, दिनांक 08.10.2024 पर दिए गए निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जिला स्तर पर रिक्त अधोवर्णित पद हेतु विवरण अनुसार संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 23/12/2024 सायं 5:30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में सम्पूर्ण अर्हता एवं अनुभव आदि प्रमाण–पत्रों सहित पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन तथा निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नही होंगें।

1. रिक्त पदो की जानकारी परिशिष्ट 01 में दर्शित है।
2. शैक्षणिक योग्यता संबंधित जानकारी परिशिष्ट 02 में दर्शित है।

### परिशिष्ट – 01

| क्र | स्तर | पद का नाम | कुल रिक्त पद (अनारक्षित) | वेतन बैंड | ग्रेड वेतन | लेवल | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला स्तर | सहायक परियोजना अधिकारी | 1 | 15600-39100 | 5400 | 12 | संविदा |
| 2 | | समन्वयक (तकनीकी) | 1 | 15600-39100 | 5400 | 12 | संविदा |
| 3 | | कम्प्यूटर प्रोग्रामर | 1 | 15600-39100 | 5400 | 12 | संविदा |
| 4 | | डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 1 | 5200-20200 | 2400 | 6 | संविदा |
| 5 | | लेखापाल | 1 | 5200-20200 | 2400 | 6 | संविदा |
| 6 | | सहायक ग्रेड–03 | 1 | 5200-20200 | 1900 | 4 | संविदा |
| 7 | | भृत्य | 1 | 4750-7440 | 1300 | 1 | संविदा |
| कुल | | | 07 | | | | |

### परिशिष्ट – 02

| क्र | पद का नाम | वेतन बैण्ड (एकमुश्त मासिक वेतन) | शैक्षणिक अर्हता एवं मेरिट अंक | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | शैक्षणिक योग्यता | विवरण | अंक |
| 1 | सहायक परियोजना अधिकारी | (15600-5400-39100) 51780 | प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर | स्नातकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | | | | शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतन मान पर कार्य अनुभव | |
| | | | | न्यूनतम एक से दो वर्ष तक का अनुभव | 5 |
| | | | | 05 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | 05 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |

CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | समन्वयक तकनीकी | (15600-5400-39100) 51780 | प्रथम श्रेणी– बी.ई./बी.टेक. सिविल<br>उपरोक्त विषय में उच्चतर अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता<br><br>शैक्षणिक अर्हताओं का प्राथमिकता क्रम<br>1. पी.एच.डी.<br>2. एम.ई./एम.टेक.<br>3. बी.ई./बी.टेक. | स्नातकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | | | | शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतन मान पर कार्य अनुभव | |
| | | | | न्यूनतम एक से दो वर्ष तक का अनुभव | 5 |
| | | | | 05 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | 05 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |
| 3 | कम्प्यूटर प्रोग्रामर | (15600-5400-39100) 51780 | प्रथम श्रेणी बी.ई. कम्प्यूटर साइंस/एम.सी.ए./एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस/बी.ई.(आई.टी.)<br><br>डाटा नेट टेक्नालॉजी/ जावा/ एम.एस.एस.क्यू.एल./ऑरेकल के ज्ञान को प्राथमिकता | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 70 |
| | | | | कम्प्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | | | | डाटा नेट टेक्नालॉजी/जावा/एम.एस.एस.क्यू.एल./ऑरेकल के ज्ञान पर | 5 |
| | | | | शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव | |
| | | | | न्यूनतम 2 वर्ष से 05 वर्ष तक का अनुभव | 5 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 10 |
| 4 | लेखापाल | (5200-2400-20200) 23350 | 1) 55 प्रतिशत में बी.कॉम. उत्तीर्ण (अ.ज.जा. एवं अ.जा.हेतु 50 प्रतिशत में बी. कॉम उत्तीर्ण)<br>2) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री आपरेटर/ प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा,<br>3) कम्प्युटर में हिंदी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी) | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंक का Weightage देते हुए | 50 |
| | | | | हायर सेकेण्डरी मे प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| | | | | शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम सामान वेतनमान पर कार्य अनुभव | |
| | | | | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव | 5 |
| | | | | 5 वर्ष तक अनुभव | 10 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |
| 5 | सहायक ग्रेड 03 | (5200-1900-20200) 18000 | 1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त वि.वि. से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण<br>2) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा,<br>3) कम्प्युटर में हिंदी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी) | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 40 |
| | | | | कम्प्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा से प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 45 |
| | | | | शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम सामान वेतनमान पर कार्य अनुभव | |
| | | | | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव | 5 |
| | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |
| 6 | डाटा एंट्री आपरेटर | (5200-2400-20200) 23350 | 1. कक्षा 12 वीं (10+2) बोर्ड उत्तीर्ण, अथवा कक्षा 10वी बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण एवं किसी भी विषय मे त्रिवर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण,<br>2. डाटा एंट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग मे किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | कम्प्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा से प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर (न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य)100 अंक का Weightage देते हुए | 65 |



CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | वर्षीय डिप्लोमा.<br>3. कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में 8000 (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति | शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव | |
| | | | | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव | 5 |
| | | | | 5 वर्ष तक अनुभव | 10 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |
| 7 | भृत्य | (4750-1300-7440)<br>14400 | पांचवी पास | 5वीं में प्राप्त प्रतिशत पर | 65 |
| | | | | हायर सेकण्डरी में प्राप्त प्रतिशत | 20 |
| | | | | शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम सामान वेतनमान पर कार्य अनुभव | |
| | | | | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव | 5 |
| | | | | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | | | | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |

***<u>आवेदन की नियम एवं शर्ते :-</u>***

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ पिन 496445 के नाम से दिनांक __12. 2024 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त किये जावेंगे। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन स्वीकार नही किये जावेंगे। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनो पर विचार नही किया जावेगा।
2. आयु, न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ निवासियों एवं विभिन्न वर्गो के लिए समय-समय पर जारी निर्देश के अनुरूप छूट की पात्रता होगी। आयु की गणना 01 जनवरी 2024 के आधार पर की जावेगी।
3. सक्षम प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निःशक्तजन को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी छ.ग. निवास प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करें।
6. आवेदन मे आवेदक का फोटो एवं समस्त प्रमाण पत्र तथा अंकसूची स्व-प्रमाणित (सत्यापित) होना आवश्यक है। स्व-प्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा।
7. संविदा नियुक्ति अधिकतम तीन वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनो पक्षो की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
8. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत किसी भी आवेदककर्ता की पूर्व में सेवा समाप्ति अथवा बर्खास्त किया गया हो का आवेदन अमान्य होगा।
9. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्र. एफ.9-1/2012/1-3 दिनांक 31 दिसंबर 2012 के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होगी।
10. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
11. संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षो में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
12. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु-लाम की पात्रता नही होगी।
13. प्राप्त कुल आवेदन पत्रो को मेरिट आधार पर सूचीबद्ध किया जायेगा ओर उनको कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जावेगा तदोपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।
14. यदि प्राप्त आवेदन पत्रो की संख्या अधिक होती है तो वरीयता कम के आधार पर कौशल परीक्षा के लिये 01 पद के विरूद्ध 10 आवेदको को बुलाया जायेगा। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव का अंक एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंक को मिलाकर सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले आवेदक को नियुक्ति दिया जावेगा एवं कमशः कम अंक पाने वाले आवेदक को एक वर्ष के लिये वरीयता कम प्रतीक्षा सूची में रखे जायेंगे एवं भविष्य मे पद रिक्त होता है तो उसे वरीयता कम परीक्षा सूची से भरा जावेगा।



CamScanner

15. अनुभव प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी दिनांक के पूर्व का ही मान्य होगा। साथ ही अनुभव प्रमाण पत्र के साथ वेतन स्लीप संलग्न करना अनिवार्य है।
16. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओ में कार्यरत आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित, प्रस्तुत किया जावेगा।
17. ऐसे आवेदक जिन्हे पूर्व में अनियमितता के आधार पर महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत किसी पद से पृथक किया गया अथवा उनकी संविदा सेवा वृद्धि नही की गयी है, वे चयन के लिए पात्र नही होंगे। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।
18. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं इसकी कोई सूचना नही दी जावेगी।
19. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम तथा वर्ग का उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा। एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।
20. आवेदक जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नही होगा।
21. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नही होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
22. नियुक्ति के संबंध में जिला कार्यकम समन्वयक/कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।
23. किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया स्थगित किया जा सकता है तथा परिशिष्ट एक में दर्शाये गये पदो की संख्या में परिवर्तन संभावित हैं।
24. आवेदन पत्र के साथ स्पष्ट अक्षरों में स्वयं का पता लिखा हुआ 02 नग लिफाफा, 5X5 रूपये का डाक टिकट सहित संलग्न करें।
25. एक से अधिक पद पर आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र पृथक रूप से बंद लिफाफे में प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा।
26. आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ के सूचना पटल तथा जिले के वेबसाईट https://sarangarh-bilaigarh.cg.gov.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

कलेक्टर
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़



CamScanner